प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 05.06.2026

मुख्य समाचारः—

- विश्व पर्यावरण दिवस पर आज प्रदेश में हुए अनेक कार्यक्रम—मुख्यमंत्री ने ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान का किया शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के मेधावी बच्चों को आज किया सम्मानित।
- रायगढ़ पुलिस ने दो वाहनों से करीब डेढ़ करोड़ रूपए का गांजा बरामद कर तीन तस्करों को किया गिरफ्तार।
- मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण पष्चिम मानसून के बारह जून तक छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना।

विश्व पर्यावरण दिवस—01

आज विष्व पर्यावरण दिवस है। इस अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई केंद्रीय मंत्रियों ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम जैसी पहलों ने प्रतिवर्ष लगभग एक दशमलव एक लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह दिन पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को व्यक्त करने का प्रतीक है।

इधर, प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्यपाल रमेन डेका ने रायपुर स्थित लोकभवन और नवा रायपुर स्थित निर्माणाधीन लोकभवन परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की अपील की।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वन और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा रायपुर के राजीव स्मृति वन में "प्रकृति से प्रेरित—जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए" थीम पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष अभियान के तहत ढाई करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा है।

इस बीच, वन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि राज्य में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पिछले दो वर्षों में करोड़ों पेड़ लगाए गए हैं। यह अभियान एक बड़े जन आंदोलन का रूप ले चुका है।

विश्व पर्यावरण दिवस—02

वहीं, रायपुर में स्कूली बच्चों ने वन्यप्राणियों की वेशभूषा धारण कर रैली निकाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पेड़ मत काटो का संदेश दिया। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा रायपुर में ही एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता और इको क्लब के शिक्षकों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

इसके अलावा विष्व पर्यावरण दिवस पर आज प्रदेश की विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का भी आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय कार्यशाला

वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने आज अपने निवास कार्यालय में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश में हाथियों के संरक्षण और मानव–हाथी संघर्ष को कम करने के उद्देश्य से आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री कश्यप ने बताया कि वर्ष दो हजार बाईस में प्रदेश में लगभग दो सौ चालीस हाथी थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर वर्ष दो हजार छब्बीस में करीब चार सौ पचास हो गई है। यह वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है।

बातों–बातों–में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' के तहत इस बार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अंबिकापुर में संचालित गार्बेज कैफे के संचालक रितेश सैनी से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण कल छह जून को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

श्रमिक बच्चे–सम्मानित

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज श्रम विभाग द्वारा रायपुर में आयोजित मेधावी छात्र–छात्रा सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट सूची में टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाले पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बाईस छात्र–छात्राओं को मुख्यमंत्री नोनी–बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत दो–दो लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। इनमें कक्षा दसवीं के नौ और बारहवीं के तेरह विद्यार्थी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि श्रमिकों के बच्चे केवल श्रमिक बनकर न रह जाए, बल्कि डॉक्टर इंजीनियर, प्रशासक, वैज्ञानिक और अन्य उच्च पदों पर पहुंचकर प्रदेश और देश की सेवा करें।

नीट परीक्षा–बैठक

मुख्य सचिव विकासशील ने आगामी इक्कीस जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिला कलेक्टरों की बैठक लेकर उन्हें केन्द्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में शामिल हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ में नीट की परीक्षा उन्नीस शहरों में होगी। इसके लिए एक सौ सत्ताईस परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

दीक्षांत समारोह

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान और आयुष विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। समारोह में विभिन्न संकायों के नौ हजार से अधिक विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। वहीं, विभिन्न संकायों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।
समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि डिजिटल एडिक्शन आज की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि पारिवारिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को डिजिटल एडिक्शन और ''पॉपकार्न मेंटल स्टेटस'' से बाहर निकालने की आवश्यकता है।

वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन केवल उपाधि प्राप्त करने का अवसर नहीं है, बल्कि समाज और मानवता के प्रति नये दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों के साथ–साथ छत्तीसगढ़ की प्रगति और विश्वविद्यालयों की प्रतिष्ठा को भी दर्शाता है।

समारोह को स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने भी संबोधित किया।

अरूण साव–प्रेसवार्ता

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के बारह वर्ष देश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के रहे हैं। इन वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। श्री साव ने आज रायपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर आज से इक्कीस जून तक देशभर में महाजनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता घर–घर जाकर संपर्क और हितग्राहियों से संवाद करेंगे। इसके अलावा प्रदर्शनी और विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। श्री साव ने बताया कि कि छत्तीसगढ़ में यह अभियान व्यापक स्तर पर संचालित होगा।

उच्च न्यायालय–नदी प्रदूषित

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायलय ने प्रदेश की शराब फैक्ट्रियों से निकल रहे जहरीले पानी से प्रदूषित हो रही नदियों को लेकर नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की डिविजन बेंच ने इस मामले की सुनवाई करते हुए दो अधिवक्ताओं को कोर्ट कमिष्नर नियुक्त किया है। कोर्ट कमिश्नर प्रदेश की तीन शराब डिस्टलरी यूनिट्स का संयुक्त निरीक्षण करेंगे और आगामी तीस दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। इस मामले की अगली सुनवाई छह जुलाई को होगी।

उच्च न्यायालय–परीक्षा सुनवाई

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने प्रदेश में एक ही दिन में आयोजित होने जा रही दो महत्वपूर्ण परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव से इंकार कर दिया है। एक याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने कहा कि डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन–डी.एल.एड की परीक्षा साल में दो बार आयोजित की जाती है, इसलिए परीक्षार्थियों के पास आगामी परीक्षा में शामिल होने का विकल्प सुरक्षित है। ऐसे में पूरी परीक्षा प्रणाली के कार्यक्रम में हस्तक्षेप करना उचित नहीं होगा।

गांजा–बरामद

रायगढ़ जिले की लैलूंगा पुलिस ने कटकलिया मार्ग पर दो वाहनों से लगभग तीन सौ किलोग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रूपए बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो चारपहिया वाहन और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। ये आरोपी ओडिशा से गांजा लेकर मध्यप्रदेश जा रहे थे।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून के बारह जून तक छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है। विभाग के अनुसार मध्यप्रदेश के ऊपर एक चक्रीय चक्रवाती घेरा बना हुआ है। इसके असर से छत्तीसगढ़ में नमी बढ़ी है और आसपास में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है। वहीं, कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि दक्षिण पश्चिम मानसून चार जून को केरलम पहुंच चुका है।

संक्षिप्त समाचार

- छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम श्रम विभाग में भी लागू हो गई है। विभाग द्वारा सेवा प्रदाय करने की समय–सीमा निर्धारित की गई है। साथ ही लोक प्राधिकारी, सक्षम प्राधिकारी और अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।
- प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बार नवापारा परियोजना मंडल के बार परिक्षेत्र में दर्ज वन्यजीव अपराध के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।